**Terms of Reference**
**Consultant – ED Secretariat**
**National Health Systems Resource Centre**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Executive Director, NHSRC and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

- Provide technical inputs to reports and documents submitted to ED Secretariat and ensure timely responses and submission.
- Provide technical assistance to undertake research activities.
- Support the Executive Director/ team in the preparation of technical documents, including reviews on Health Systems interventions and social determinants of health, including policy briefs and reports.
- Support the process of establishing cross references to existing and relevant websites and resource centres;
- Support the Executive Director in undertaking the process of identifying and partnering with selected institutions to undertake research activities.
- Ensure timely review of the projects to provide an update.
- Ensure timely and high-quality responses to MoH&FW /Parliament Questions after consultation from all divisions.
- Undertake analytical documentation of field review visits to provide feedback to the states.
- Support the activity pertaining to best practices and innovations within states and districts and support in documentation.
- Undertake review of literature on current trends in health systems strengthening.
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Executive Director.

**Qualifications and Experience:**

- MBBS/BDS with Post Graduate Degree (Fulltime Course) in MD (Community Medicine/PSM) /MPH
- Have at least 2 years of Post qualification experience.
- Formal educational qualification and experience could be relaxed when there is published work of high quality or whenever there is work experience of specific relevance.

**Age Limit:** Up to 45 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts may be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-

****Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance (Approval from MoH&FW), Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2025 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **06th September 2023**

## विचारार्थ विषय
## कार्यपालक निदेशक सचिवालय में परामर्शदाता का पद
## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) एक स्वायत्तशाषी पंजीकृत सोसायटी है जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ करने की दिशा में राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करना है। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम तैयार करने और उसका मूल्यांकन करने में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में अपनी स्थापना से ही, एनएचएसआरसी ज्ञान का भंडार और अपने एजेंडे के लिए उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन का सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े अनेक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध है। अनेक कर्मियों ने एनएचएसआरसी के साथ कार्य करते हुए अमूल्य अनुभव प्राप्त किया है जिससे वे पेशेवर सीढ़ी चढ़ते हुए अगले पायदान पर पहुंच सके हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और इसकी प्रक्रियाओं का व्यापक अनुभव एनएचएसआरसी की अनूठी विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य में समानता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं तो आपके पास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यान्वयन में सहायता करते हुए स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार लाने और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम की दिशा में काम करने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। पूर्णतया अनुशासनात्मक (ट्रांस डिसिप्लिनरी) टीम के साथ काम करते हुए, आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रिया, स्वास्थ्य संबंधी वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना और स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कई चुनौतियों के समाधान खोज सकते हैं, उनका अनुशीलन कर सकते हैं, मिलकर सृजित तथा प्रसारित कर सकते हैं। यह बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में सहायता करने, जिला एवं उप जिला स्तर पर इसके कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान स्थानांतरित करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के दृष्टिकोण को साकार करने में सक्षम बनाने का भी अवसर है।

इस पद हेतु रिपोर्टिंग अधिकारी कार्यपालक निदेशक, एनएचएसआरसी हैं तथा यह पद संविदा के आधार पर है।

**भूमिका एवं उत्तरदायित्व:**

- कार्यपालक निदेशक (ईडी) सचिवालय को प्रस्तुत रिपोर्टों और दस्तावेजों के लिए तकनीकी इनपुट प्रदान करना एवं उनका समय पर प्रत्युत्तर एवं प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करना;
- अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियां आरंभ करने में तकनीकी सहायता प्रदान करना;
- तकनीकी दस्तावेज तैयार करने में कार्यपालक निदेशक/टीम की सहायता करना जिसमें स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित हस्तक्षेप तथा स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक निर्धारकों पर समीक्षा, संक्षिप्त नीति और रिपोर्ट सम्मिलित हैं;
- मौजूदा और प्रासंगिक वेबसाइटों और संसाधन केंद्रों पर क्रॉस रेफरेंस स्थापित करने की प्रक्रिया में सहायता करना;
- अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियां आरंभ करने में चयनित संस्थानों की पहचान करना और उनके साथ साझेदारी करने की प्रक्रिया आरंभ करने में कार्यपालक निदेशक की सहायता करना;
- अद्यतन जानकारी प्रदान करने में परियोजनाओं की समय पर समीक्षा सुनिश्चित करना;

- सभी प्रभागों से परामर्श करने के उपरांत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय/संसदीय प्रश्नों पर समय पर और उच्च गुणवत्तापरक प्रत्युत्तर सुनिश्चित करना;
- राज्यों को फीडबैक प्रदान करने में क्षेत्र समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक दस्तावेजीकरण करना;
- राज्यों और जिलों के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों से संबंधित गतिविधि में सहायता करना और उनके दस्तावेजीकरण में सहायता करना;
- स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में मौजूदा प्रवृत्तियों पर उपलब्ध साहित्य की समीक्षा करना;
- कोई अन्य कार्य जो कार्यपालक निदेशक समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

**अर्हता एवं अनुभव:**

- एमडी (सामुदायिक चिकित्सा/पीएसएम)/एमपीएच में स्नातकोत्तर डिग्री (पूर्णकालिक पाठ्यक्रम) के साथ एमबीबीएस/बीडीएस
- अर्हता पश्चात कम से कम 2 वर्ष का अनुभव हो।
- उच्च गुणवत्तापरक प्रकाशित कृति या विशिष्ट प्रासंगिकता का कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमा:** 45 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि के अनुसार)

**कार्य स्थल:** नई दिल्ली; राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का अनुभव प्राप्त करने का अवसर। राज्यों और जिलों की यात्रा शामिल हो सकती है।

**पारिश्रमिक सीमा:** 60,000/- रुपये से 1,20,000/- रुपये के बीच

***बैंड के भीतर दी जाने वाली फीस अर्हता एवं अनुभव के अनुरूप होगी।***

**अन्य हितलाभ:** उपरोक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के परामर्शदाता निशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अनुमोदन लंबित), मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी नीति के अनुसार), 30 दिनों की समेकित छुट्टी, भारत सरकार की नीति के अनुसार पूर्ण प्रदत्त मातृत्व अवकाश (महिला परामर्शदाताओं के लिए), कार्य निष्पादन से संबद्ध वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ऑन-ड्यूटी यात्राओं के लिए दैनिक प्रतिपूर्ति के पूर्णतया हकदार होंगे।

**संविदा की अवधि:** संविदा 31st March 2025 तक, समान अवधि के आगे विस्तार के साथ (संतोषजनक कार्य निष्पादन के अधीन)

इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों का एनएचएसआरसी में समान कौशल सेट और उचित स्तर की अपेक्षा वाले अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचार किया जा सकता है।

**आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन सही ढंग से भरें जो एनएचएसआरसी वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **06th September 2023** है।